
हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 28 अप्रैल 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 34.2 डिग्री
न्यूनतम 24.2 डिग्री

4
बेलटीकरी छपोरा में हो रहा अवैध उत्खनन



## खबर संक्षेप

### अष्टम प्रहर हरिनाम संकीर्तन 15 मई से

**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत रविंद्रनगर में श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर सेवा समिति के तत्वाधान में 15 मई से तीन दिवसीय अष्टम प्रहर अखंड हरिनाम संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी तीसरे वर्ष आयोजित कार्यक्रम में 15 मई को प्रातः 9 बजे कलश यात्रा निकाल रात्रि में 9 बजे अधिवास किया जाएगा। 16 मई को सुबह 6 बजे से अखंड हरिनाम संकीर्तन शुरू किया जाएगा, जिसका 17 मई को सुबह 6 बजे संकीर्तन का समापन करके 7 से 9 बजे तक नगर भ्रमण करके पदावली कीर्तन व महाप्रसाद वितरण के बाद रात्रि 8 बजे से जलशा कार्यक्रम संपन्न कराया जाएगा।

### गर्भवती युवती की उपचार के दौरान गई जान

**अम्बिकापुर।** शादी से पहले गर्भवती हुई युवती की उपचार के दौरान मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने लाश को पीएम के लिए मरच्यूरी कक्ष में रखा है। पुलिस के मुताबिक बैकुंठपुर क्षेत्र निवासी 25 वर्षीय युवती की गत दिन पेट में दर्द होने की शिकायत परिजन से की। परिजन युवती को तत्काल बैकुंठपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने जांच कर युवती के गर्भवती होने की जानकारी परिजन को दी। साथ ही युवती की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। रविवार की दोपहर परिजन युवती को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान युवती की मौत हो गई। शाम हो जाने के कारण पुलिस ने लाश को पीएम के लिए मरच्यूरी कक्ष में रखा है। इस बीच परिजन ने पुलिस को बताया कि युवती का विवाह हाल ही में होना था और जिस युवक से विवाह तय हुआ था वह अक्सर युवती से मिलता जुलता था।

### पेड़ से टकराई बाइक सवार की मौके पर मौत

**अम्बिकापुर।** बाइक सवार अनियंत्रित होकर पहले सड़क किनारे खंभा फिर पेड़ से टकरा गया। दुर्घटना में गंभीर हुए बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम रेवापुर निवासी शिव शंकर राम शनिवार को बेटी उर्मिला के अंबिकापुर से बस से आने पर बाइक से लेने गया था। इसी बीच उर्मिला गांव के ही अन्य व्यक्ति की बाइक से घर आ गई। इधर बेटी के घर चले जाने पर पिता बाइक से घर आने लगा और जैसे ही चमोथी मुडा के समीप पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर पहले खंभा से टकराने के बाद सड़क किनारे पेड़ से जा टकराया। बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी की बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। इधर घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम करा परिजन के सुपुर्द किया है।

### बाइक भिड़ंत में एक ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** ग्राम केवरा के समीप दो बाइक की आमने सामने भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में एक ग्रामीण की मौत हो गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम परमेश्वरपुर निवासी सुखलाल देवांगन 24 अप्रैल को किसी काम के सिलसिले में बाइक क्रमांक सीजी 29 एएफ 8541 से केवरा बस्ती गया था। काम निपटाने के पश्चात बाइक से वापस घर आने लगा तभी केवरा मुख्य मार्ग पर विपरीत दिशा से आ रहे बाइक से आमने सामने भिड़ंत हो गई। दोनों बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सुखलाल देवांगन को गंभीर चोट टने से मौत हो गया। घटना की रिपोर्ट परिजन ने प्रतापपुर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

## आदतन बदमाश लक्की सिंह गिरफ्तार, 2 साथी फरार

# घर में घुसकर 2 लाख की लूट, बहू की तकिए से दबाकर हत्या की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के कुनकुरी थाना क्षेत्र में घर में घुसकर 2 लाख 10 हजार रुपए, मोबाइल और चांदी का पायल लूटने तथा महिला की हत्या की कोशिश करने वाले आदतन बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी के दो साथी अब भी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रितेश प्रताप सिंह उर्फ लक्की सिंह उम्र 23 वर्ष निवासी डुगडुगिया के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक आरोपी पहले जिला बदर किया जा चुका है। इतना ही नहीं, पिछली बार न्यायालय पेशी से लौटते समय लोरो घाटी में पुलिस कस्टडी से भी फरार हो गया था।

- पहले जिला बदर हो चुका, पुलिस कस्टडी से भी भागा था

पीड़ित किया राम यादव उम्र 60 वर्ष निवासी खारीझरिया ने पुलिस को बताया कि 7 अप्रैल की रात करीब 11 बजे वह घर में सो रहे थे। तभी बहू के कमरे से चीखने की आवाज आई। दौड़कर पहुंचे तो देखा कि लक्की सिंह कमरे से भाग रहा था। बाहर दो युवक और खड़े थे। तीनों आरोपी मोटरसाइकिल से फरार हो गए।



### दुकान में अज्ञात चोरों की सेंधमारी, लाखों का माल पार

जिले के बगीचा थाना क्षेत्र अंतर्गत महादेवडांड स्थित मोबाइल दुकान में 25 अप्रैल की रात अज्ञात चोरों ने देर रात सेंधमारी कर चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने दुकान की पक्की दीवार में सेंध लगाकर अंदर प्रवेश किया और दुकान में रखे लाखों रुपये कीमत के मोबाइल फोन एवं मोबाइल पार्ट्स लेकर फरार हो गए। बताया जा रहा है कि यह पहली बार नहीं है, इससे पहले भी कुछ माह पूर्व इसी दुकान में चोरी की घटना हो चुकी है। लगातार दूसरी बार हुई चोरी से क्षेत्र के व्यापारियों में भय और आक्रोश का माहौल है। घटना की जानकारी मिलते ही दुकान संचालक ने तत्काल बगीचा थाना पुलिस को सूचना दी। आरोप है कि सूचना देने के बाद भी पुलिस पूरे दिन मौके पर नहीं पहुंची। इससे स्थानीय लोगों और व्यापारियों में नाराजगी देखी जा रही है।फिलहाल चोरी की इस घटना के बाद क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। पीड़ित दुकानदार ने जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी और चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग के साथ साथ प्रशासन से भविष्य के इस तरह की घटना दुबारा न होने की उम्मीद भी जताई है।

### आलमारी में मिले रुपए

पीड़ित की बहू ने बताया कि आरोपी जबरन घर में घुसा और अलमारी खोलने लगा। विरोध करने पर उसने तकिये से मुंह दबाकर जान से मारने की कोशिश की। इसके बाद अलमारी में रखे 2.10 लाख रुपए, रियलमी कंपनी का मोबाइल और चांदी का पायल लेकर भाग गया।

### 18 हजार नकद बरामद

मामले की गंभीरता को देखते हुए लाल उमेद सिंह के निर्देश पर विशेष टीम गठित की गई। साइबर यूनिट की मदद से आरोपी का पता लगाया गया। हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने अपने साथियों के साथ वारदात करना स्वीकार कर लिया। आरोपी के कब्जे से लूट की रकम में बचे 18 हजार रुपए और वारदात में इस्तेमाल की गई एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल जब्त की गई है।

### हत्या के प्रयास समेत कई धाराओं में केस

पुलिस ने आरोपी और उसके साथियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 309(4), 331(6), 109(1) और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी को 26 अप्रैल को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## समूह की महिलाएं सुनाएंगी सफलता-संग्रह की कहानियां




**जशपुरनगर।** वन मंडल जशपुर अंतर्गत जिला लघु वनोपज संघ मर्या. एवं फाउंडेशन फॉर इकोलॉजिकल सिक्योरिटी के संयुक्त तत्वावधान में 24 से 26 अप्रैल तक जिला मुख्यालय स्थित निर्वाणा होटल में तीन दिवसीय स्टोरी टेलिंग कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया।

- महिला समूहों को मिला सशक्तिकरण का मंच

कार्यशाला में कुनकुरी, बगीचा, जशपुर, पत्थलगांव, कांसाबेल एवं सन्ना विकासखंडों की विभिन्न समितियों से जुड़ी वन धन विकास केंद्रों की स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना था, ताकि वे लघु वनोपज से जुड़े अपने अनुभवों, संघर्षों और सफलताओं को आत्मविश्वास के साथ साझा कर सकें। साथ ही इन कहानियों के माध्यम से जल, जंगल और जमीन के संरक्षण, संवर्धन एवं सतत उपयोग का संदेश समाज तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सके। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को कहानी कहने की कला को प्रभावशाली बनाने हेतु नवरस और पांच ज्ञानेंद्रियों के समुचित उपयोग पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि भावनात्मक अभिव्यक्ति, व्यक्तिगत अनुभवों और इंद्रियों के संतुलित उपयोग से कहानियों को अधिक जीवंत, प्रभावी और प्रेरणादायक बनाया जा सकता है। प्रशिक्षण में व्यावहारिक अभ्यास, समूह चर्चा और प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रतिभागियों की संप्रेषण क्षमता ⏭ शेष पेज 4 पर

## प्राचार्यों एवं संकुल शैक्षिक समन्वयकों की समीक्षा बैठक



**जशपुरनगर।** विकास खण्ड दुलदुला में बीआरसी कार्यालय के सभाकक्ष में विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी हेमन्त कुमार नायक द्वारा विभागीय समीक्षा बैठक लिया गया। बैठक में विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा शिक्षा विभाग अंतर्गत शासन के सभी महत्वपूर्ण कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश सभी प्राचार्यों एवं संकुल शैक्षिक समन्वयक को दिये।

मुख्य रूप से आईगॉट कर्मयोगी पोर्टल में सभी कर्मचारियों, शिक्षकों के निर्देशानुसार 3 कोर्स की पूर्णता, प्रत्येक कर्मचारी व अधिकारी की स्वगणना , रूफटॉप वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर का निर्माण, जाति प्रमाणपत्र, पाठ्यपुस्तक, गणवेश की जानकारी सहित अन्य सभी आवश्यक महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी सभी प्राचार्यों व संकुल शैक्षिक समन्वयकों से ली गई एवं पेंडिंग कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इसके अतिरिक्त सभी प्राचार्यों एवं संकुल शैक्षिक समन्वयकों को अपने अपने संकुल एवं संस्थाओं के विभिन्न निधियों,शाखाओं व स्टॉक पंजियों का भौतिक सत्यापन समिति का गठन कर चालू शैक्षणिक सत्र का अविलंब पूर्ण कराने के निर्देश दिए। आरटीई अंतर्गत निजी विद्यालयों के प्राचार्यों व नोडल अधिकारी को नियमों के अनुरूप प्रवेश व फीस सम्बंधी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी डॉ नरेश चौहान एवं विकास खण्ड स्त्रौत समन्वयक दीपेंद्र कुमार सिन्हा उपस्थित थे।

### तीन महीने से फरार दुष्कर्म का आरोपी पकड़ा गया

**रायगढ़।** दुष्कर्म के एक फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। मामला थाना कोतवाली क्षेत्र का है, जहां सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले की एक महिला ने 31 मार्च को शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़िता के अनुसार जनवरी 2026 में उसकी पहचान ग्राम बरदुला निवासी भोजराम यादव से हुई थी, जिसके बाद दोनों के बीच प्रेम संबंध बन गए। आरोप है कि 16 जनवरी को आरोपी उसे जन्मदिन के बहाने रायगढ़ लेकर आया और शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने काशीराम चौक बायपास स्थित एक किराए के मकान में करीब 20 दिनों तक उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में 24 मार्च को उसे गांव ले जाकर शादी से साफ इनकार कर दिया।

## राजस्व पखवाड़ा के लिए करें आवश्यक तैयारियां

**जशपुरनगर।** अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू ने कलेक्टरेट सभाकक्ष में राजस्व विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर जिले में संचालित विभिन्न राजस्व कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने 4 मई से 14 मई तक आयोजित होने वाले राजस्व पखवाड़ा के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पखवाड़ा का व्यापक प्रचार-प्रसार करें, ताकि अधिक से अधिक नागरिकों तक इसकी जानकारी पहुंचे और वे इसका लाभ ले सकें। साथ ही उन्होंने पखवाड़ा के दौरान प्राप्त होने वाले सभी राजस्व संबंधी शिकायतों एवं आवेदनों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। अपर कलेक्टर ने गर्मी के मौसम में हीट वेव की आशंका को देखते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया।



### 9 सेवानिवृत्त कर्मचारियों को किया सम्मानित

कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देश में अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में शिक्षा विभाग के 9 कर्मचारियों जो आगामी 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी को पीपीओ पेंशन स्वीकृत आदेश सहित शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया। जिला शिक्षा अधिकारी नरेन्द्र कुमार सिंन्हा ने बताया कि कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों का तीन माह से प्रकिया शुरू कर दिया गया था। इसके लिए सभी विकास खंडों के बीईओ की समीक्षा बैठक लेकर शिक्षा विभाग के सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों का कागजी कार्यवाही पूरी की गई है।

## लू से बचाव हेतु जिला प्रशासन सतर्क

**जशपुरनगर।** जिले में गर्मी के मौसम की शुरूआत हो गयी है। परिणाम स्वरूप लू चलने की पूरी संभावना है। जिले में लू से बचाव हेतु प्रभावी कार्ययोजना उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों और संवेदनशील आबादी की पहचान कर विशेष सुरक्षा उपाय किय जाने हेतु कलेक्टर रोहित व्यास ने संबंधित विभागों, संस्थाओं और गैर-सरकारी संगठनों के साथ समन्वय हेतु नियमित बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के सक्रिय भूमिका से ले से होने वाले नुकसान को कम किया जा सकता है। अनुभाग से लू के संदर्भ में तैयारी किया जाए एवं मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनियों पर गंभीरता से ध्यान दिया जाए। इनमें रेड अलर्ट अर्थात अत्यंत गंभीर लू की चेतावनी जो की सामान्य अधिकतम तापमान 6 डिग्री से अधिक तक बढ़ जाता है। ऑरेंज अलर्ट लू की चेतावनी सामन्य अधिकतम तापमान 4 डिग्री से 5 डिग्री तक बढ़ जाता है। पीला अलर्ट गर्म दिन निकटतम सामान्य अधिकतम तापमान, सफेद सामन्य दिन सामान्य अधिकतम तापमान के नीचे हो। भारत मौसम विज्ञान द्वारा निर्धारित सीमा पर आधारित रंग संकेत प्रणाली अनुसार चेतावनी के बाद जारी किए जाएंगे। कलेक्टर ने सभी मुख्य नगर पालिका एवं पंचायत अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला श्रम पदाधिकारी, शिक्षा विभाग, पशुधन विकास विभाग, जिला अग्निशमन विभाग, परिवहन विभाग सहित अन्य विभागों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं।

## वनों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए जन-जागरूकता अभियान

**जशपुरनगर।** जशपुर वनमण्डल में फायर सीजन को ध्यान में रखते हुए वन विभाग द्वारा वनों की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य वनाग्नि की घटनाओं की रोकथाम, पर्यावरण संरक्षण तथा वन्यजीवों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। अभियान के अंतर्गत वन प्रबंधन समितियों के अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्यों के साथ-साथ संबंधित ग्रामों के ग्रामीणों की नियमित बैठकें आयोजित की जा रही हैं। इन बैठकों में लोगों को वनाग्नि के प्रमुख कारणों, उससे होने वाले पर्यावरणीय एवं आर्थिक नुकसान तथा वन्यजीवों पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी जा रही है। ग्रामीणों को विशेष रूप से जागरूक किया जा रहा है कि वे किसी भी परिस्थिति में जानबूझकर या लापरवाहीवश वन क्षेत्रों में आग न लगाएं। महुआ संग्रहण, तेंदूपत्ता तोड़ाई या खेतों की सफाई के लिए आग लगाने जैसी गतिविधियों पर रोक लगाने की अपील की जा रही है। वनाग्नि की सूचना मिलते ही वन विभाग का अमला, संबंधित वन परिक्षेत्राधिकारी एवं उपवनमण्डलाधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचकर आग पर नियंत्रण के लिए त्वरित कार्रवाई कर रहे हैं।

- विभाग द्वारा वनों की सुरक्षा एवं संरक्षण में सक्रिय सहयोग देने की अपील

### सूचना के लिए संपर्क नंबर

वन विभाग द्वारा आपात सूचना के लिए संपर्क नंबर भी जारी किए गए हैं, जिनके माध्यम से आम नागरिक किसी भी वनाग्नि की सूचना तुरंत दे सकते हैं। वन परिक्षेत्राधिकारी सन्ना 9302959850, वन परिक्षेत्राधिकारी मनोरा 9893283085, वन परिक्षेत्राधिकारी जशपुर 7999374719, वन परिक्षेत्राधिकारी दुलदुला 9406042064, वन परिक्षेत्राधिकारी तपकरा 9589314477, वन परिक्षेत्राधिकारी कुनकुरी 9424182112, वन परिक्षेत्राधिकारी कांसाबेल 9399687530, वन परिक्षेत्राधिकारी बगीचा , 6309391322वन परिक्षेत्राधिकारी पत्थलगांव, 8770575577

### कठोर वैधानिक कार्रवाई

वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि वनों में जानबूझकर आग लगाने या आग लगाते हुए पकड़े जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 26 एवं 79 तथा वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम, 1972 की धारा 9 के अंतर्गत कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे वनों की सुरक्षा एवं संरक्षण में सक्रिय सहयोग दें।

## नर्सिंग होम व वृद्धाश्रम में विधिक साक्षरता शिविर

**जशपुरनगर।** नालसा की योजना अंतर्गत सत्येन्द्र कुमार साहू, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश और अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर के मार्गदर्शन में 26 अप्रैल को नर्सिंग होम जशपुर एवं वृद्धा आश्रम कंचननगर, जशपुर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान वहां रह रहे वृद्धजनों एवं प्रशिक्षणरत विद्यार्थियों के साथ बातचीत कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं उपलब्ध की जा रही सुविधाओं की जानकारी ली गई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सत्येन्द्र कुमार साहू द्वारा विधिक जागरूकता, बाल विवाह, मानव तस्करी, नशा मुक्ति, बाल श्रम, साइबर फॉड, मोटर यान के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने विद्यार्थियों एवं वृद्धजनों को कानून की मूलभूत जानकारी प्रदान करते हुए विधि की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समाज में शांति, न्याय और अनुशासन बनाए रखने के लिए प्रत्येक नागरिक को कानून की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है। निरिक्षण के समय वृद्धा आश्रम कुल 12 बुजुर्ग एवं नर्सिंग होम जशपुर में कुल 35 विद्यार्थी उपस्थित थे। उक्त शिविर के दौरान श्रीमती सुमन सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जशपुर, कु श्वेता बघेल सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर, प्राचार्य नर्सिंग होम जशपुर एवं अधीक्षक वृद्धा आश्रम कंचननगर जशपुर भी उपस्थित रहे।

## 4 करोड़ 30 लाख से होगा तालाब व पार्क का सौंदर्यीकरण

# सती उद्यान तालाब के जीर्णोद्वार के लिए निविदा प्रक्रिया पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

शहर के ह्दय स्थल पर स्थित सती उद्यान पार्क और तालाब के जीर्णोद्यार के लिए प्रदेश सरकार ने 4 करोड़ 30 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की है। निर्माण कार्य शुरू करने के लिए नगर पालिका परिषद ने तकनीकि स्वीकृति के लिए प्रस्ताव तैयार कर नगरीय प्रशासन विभाग को भेज दिया है। अध्यक्ष अरविंद भगत ने उम्मीद जताई है की बरसात के बाद जीर्णोद्यार का काम शुरू कर दिया जाएगा। महाराजा चैक के बगल में स्थित सती उद्यान तालाब,इसे लोग डोंगा तालाब के नाम से भी जानतें है। यह तालाब शहरवासियों के लिए धार्मिक आस्था के साथ दैनिक जरूरत के लिहाज से भी अहम है। शहर ⏭ शेष पेज 4 पर

- प्रियवंदा सिंह जूदेव के एनओसी के बाद काम में आई तेजी



### जलकुंभी से पटा तालाब

वर्तमान में इस तालाब की स्थिति बेहद चिंताजनक है। यह पूरी तरह से जलीय खरपतवार से भर चुका है। लंबे अर्से से इसकी सफाई ना होने से इसकी जल भराव क्षमता भी प्रभावित हुई है। शहरवासी लंबे अर्से से इसके जीर्णोद्धार करने की मांग कर रहे थे। इसे देखते हुए नगर सरकार ने प्रस्ताव बना कर राज्य सरकार के पास भेजा था।

### स्थापित होगी शत्रुंजय प्रताप की प्रतिमा

जीर्णोद्धार के बाद पार्क में जशपुर राज परिवार कें सदस्य व नगर पालिका जशपुर के पूर्व उपाध्यक्ष स्व.शत्रुंजय प्रताप सिंह जूदेव की आदमकद प्रतिमा स्थापित की जाएगी। अध्यक्ष भगत ने बताया कि सुच्वा बाबा के नाम से लोकप्रिय दिवंगत शत्रुंजय प्रताप सिंह जूदेव आज भी युवाओं के हृदय मे बसते हैं। शहर के विकास में उनके योगदान को चीर स्मरणीय बनाने के लिए प्रतिमा स्थापित करने का निर्णय लिया गया है।

### शीघ्र होगा कार्य शुरू

प्रदेश सरकार द्वारा सती उद्यान पार्क और तालाब के जीर्णोद्यार के लिए 4 करोड़ 30 लाख का बजट स्वीकृत किया गया है। निविदा प्रक्रिया के बाद तकनीकि स्वीकृति के लिए शासन के पास फाइल भेजी गई है। स्वीकृति मिलते ही काम शुरू किया जाएगा।

-योगेश्वर उपाध्याय
मुख्य नगर पालिका अधिकारी, जशपुर

## चार दिन बाद भी प्लास्टिक दुकान में धधक रही आग, किया गया पानी का छिड़काव

**अम्बिकापुर।** चार दिन का समय गुजरने के बावजूद राम मंदिर के समीप मुकेश प्लास्टिक एवं पटाखा दुकान में लगी आग नहीं बुझ पाई है। रविवार को दोपहर में दुकान में आग सुलगने एवं धुआ निकलने की सूचना पर दमकल लेकर पहुंचे फायरकर्मियों ने पानी का छिड़काव कर आग को नियंत्रित करने की कोशिश की।

वार्डवासियों ने बताया कि गोदाम के भूतल स्थित दुकान की आग अभी भी बुझी नहीं है। प्लास्टिक एवं पटाखे की राख के नीचे अभी भी भारी मात्रा में प्लास्टिक की थैलियां सुरक्षित बची हैं जिसमें अभी भी आग धधक रही है। लगातार आग धधकने के कारण दुकान सहित आसपास के भवनों का तापमान बढ़ गया है। आसपास के घरों में भी आग बरस रही है जिससे लोगों का रहना मुश्किल हो गया है। वार्डवासियों ने पुलिस व प्रशासन पर व्यवसायी को बचाने का आरोप लगाया है। वार्डवासियों ने बताया कि प्रशासन द्वारा मामले की जांच के लिए विशेष दल का गठन किया गया है लेकिन दुकान एवं गोदाम के सुरक्षा की व्यवस्था नहीं की गई है जिसके कारण व्यवसायी अपने लोगों के माध्यम से साक्ष्यों को मिटाने का प्रयास कर रहा है। शनिवार को कुछ व्यक्ति जेसीबी लेकर पहुंचे तथा जेसीबी को राम मंदिर के पास खड़ा कर दुकान का जायजा लेने घटनास्थल पर पहुंचे। 7 लोगों ने दुकान में घुसने की भी कोशिश की लेकिन दुकान से आग बरसने के कारण भीतर घुसने की हिम्मत नहीं जुटा सके तथा वापस लौट गए। वार्डवासियों ने व्यवसायी द्वारा मलबे के साथ छेड़छाड़ कर साक्ष्यों को मिटाने की कोशिश करने का आरोप लगाया है।

## खबर संक्षेप



### चलित थाना में ग्रामीणों को किया गया जागरूक, दी गई कानूनी जानकारी

**रामचंद्रपुर।** थाना प्रभारी द्वारा शनिवार को ग्राम पंचायत अनिरुद्ध पुर में चलित थाना आयोजित कर ग्रामवासियों को योजनाओं की जानकारी दी गई।थाना प्रभारी ने कहा कि हेलमेट लगाकर ही कहीं भी सफर करें।इससे आप खुद सुरक्षित रहेंगे और दुर्घटना से बचेंगे।उन्होंने साइबर ठगी से बचने के लिए अनजान व्यक्ति द्वारा फोन करउसे ओटीपी पूछे तो उड़े कोई भी जानकारी नहीं बताना चाहिए। उन्होंने अन्य आपराधिक घटनाओं के घटनाओं के सम्बंध में भी ग्रामीणों को जागरूक किया।चलित थाना में ग्रामीदों को बच्चों के ब्लॉग होने के बाद ही विवाह करने की सलाह दी गैथन प्रभारी ने कहा कि बल विवाह करना अपराध है तथा काम उम्र में विवाह करने सरने से बच्चों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।कोई भी छोटा-मोटा विवाद होने पर समाज में बैठकर उसे निपटा चाहिए तुरंत कोर्ट-कचहरी तथा पुलिस थाना में नहीं जाना चाहिए। कोर्ट कचहरी का चक्कर लगाने से व्यर्थ के पैसे खर्च होते हैं।

### प्राइवेट ट्रांसपोर्ट मजदूर संघ सूरजपुर में विनोद ठाकुर बने संगठन मंत्री

**बिश्रामपुर।** ऑटो संचालक विनोद ठाकुर को भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) से जुड़े प्राइवेट ट्रांसपोर्ट मजदूर संघ, सूरजपुर का संगठन मंत्री नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति यूनियन के कार्यों के विस्तार, पदाधिकारियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा प्राइवेट ट्रांसपोर्ट कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से की गई है। संघ पदाधिकारियों ने विश्वास जताया है कि विनोद ठाकुर के नेतृत्व में मजदूरों की समस्याओं का प्रभावी निराकरण होगा और संगठन को नई मजबूती मिलेगी। इस नियुक्ति की सूचना की प्रति अखिल भारतीय महामंत्री बीएमएस,अखिल भारतीय प्रभारी (निजी क्षेत्र) एवं अखिल भारतीय परिवहन उद्योग प्रभारी, दिल्ली को प्रेषित की गई है।



### यात्री एवं राहगीरों के लिए ठंडी शरबत, प्याऊ की व्यवस्था




**राजपुर।** जिले में पड़ रही भीषण गर्मी को ध्यान में रखकर नगर के समाजसेवी अशोक अग्रवाल एवं जनपद पंचायत उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल द्वारा ठंडा रसना शरबत प्याऊ की व्यवस्था की गई है। गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से यह प्याऊ शुरू किया गया है। यहां राहगीरों, मजदूरों, ग्रामीणों और बाजार आने-जाने वाले लोगों के लिए ठंडा शरबत उपलब्ध कराया जा रहा है। तपती धूप में यह पहल लोगों के लिए काफी राहत भरी साबित हो रही है, जहां दूर-दूर से लोग आकर अपनी प्यास बुझा रहे हैं। अशोक अग्रवाल लंबे समय से समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय हैं। वे न केवल गर्मी के मौसम में शरबत वितरण की व्यवस्था करते हैं, बल्कि नवरात्रि के अवसर पर भी श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण का आयोजन करते हैं, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं नगरवासी भाग लेते हैं। इस पुनीत कार्य में आकाश अग्रवाल का भी सक्रिय योगदान देखने को मिल रहा है। दोनों समाजसेवियों की इस पहल को स्थानीय लोगों द्वारा सराहा जा रहा है। नागरिकों का कहना है कि इस तरह के कार्य न केवल समाज में सेवा भावना को बढ़ावा देते हैं, बल्कि जरूरतमंदों को राहत भी पहुंचाते हैं।

## लंबे अंतराल के बाद बोटिंग की सुविधा फिर से शुरू

# वन वाटिका में बढ़ी रौनक, बोटिंग और चिल्ड्रन पार्क बने आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

**खास बात**

- हर रोब बड़ी संख्या में पहुंच रहे लोग

वन वाटिका में एक बार फिर लोगों की चहल-पहल बढ़ने लगी है। करीब एक दशक से बंद पड़ी वोटिंग सुविधा के दोबारा शुरू हो जापक यक स्थानीय लोगों और पर्यटकों को प्राकृतिक वातावरण के बीच नौका विहार का आनंद मिलने लगा है। वन विभाग की पहल और हिंडालको कंपनी के सहयोग से तालाब में नई नौकाएं तैयार की गई है। सुबह शाम हर रोज बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने से वन वाटिका एक बार फिर गुलजार हो गई है।

जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल रामानुजगंज वन वाटिका इन दिनों नए आकर्षणों के कारण पर्यटकों की पहली पसंद बनती जा रही है। यहां लंबे अंतराल के बाद वोटिंग सुविधा फिर से शुरू की गई है, वहीं बच्चों के लिए आधुनिक चिल्ड्रन पार्क का भी विकास किया गया है। इन नई सुविधाओं के शुरू होने से क्षेत्र में पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है। करीब 12 वर्षों के बाद वाटिका में दोबारा नौकायन शुरू होने से पर्यटकों में खासा उत्साह है। लोग प्राकृतिक वातावरण के बीच तालाब में वोटिंग का आनंद ले रहे हैं। परिवारों को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया चिल्ड्रन पार्क बच्चों के लिए खास आकर्षण बन गया है। झूले और अन्य मनोरंजन सुविधाओं से यह स्थल परिवारों के लिए आदर्श पिकनिक स्पॉट बन गया है। नई सुविधाओं और बेहतर प्रबंधन के चलते रामानुजगंज वन वाटिका एक आदर्श पर्यटन स्थल के रूप में उभर रही है, जहां प्राकृतिक सुंदरता और आधुनिक सुविधाओं का संतुलित समावेश देखने को मिल रहा है।



बोट का आनंद लेते नगर के लोग।

### मंत्री ने किया था शुभारंभ

हाल ही में आयोजित कार्यक्रम में कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने इन दोनों सुविधाओं का शुभारंभ किया। उन्होंने भविष्य में और सुविधाएं विकसित करने का आश्वासन भी दिया।

### पर्यटकों की बढ़ती संख्या

वाटिका अब न केवल जिले बल्कि छत्तीसगढ़ और पड़ोसी झारखंड से आने वाले पर्यटकों को भी आकर्षित कर रही है। हर दिन बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचकर प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद ले रहे हैं।

### बेहतर प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था

परिसर में प्रवेश के लिए दोपहिया और चार पहिया वाहनों हेतु शुल्क निर्धारित किया गया है। तालाब से लगभग 500 मीटर दूर पार्किंग की समुचित व्यवस्था की गई है, जिससे भीड़-भाड़ नियंत्रित हो रही है और लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े। साथ ही सुरक्षा के लिए 24 घंटे होमगार्ड जवान तैनात हैं, जिससे असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगी है।

### अवैध कटाई पर नियंत्रण


कड़ी निगरानी के चलते आसपास के क्षेत्रों में अवैध जंगल कटाई पर भी काफी हद तक रोक लगी है। पहले यहां अंधाधुंध कटाई होती थी जिस पर अब कमी आता नजर आ रहा है। पहले पेड़ों की अवैध कटाई के कारण जंगल के अस्तित्व पर भी संकट गहरा गया था।

### वन विभाग का सतत प्रयास

रेंजर डॉ. दिलरुबा बानो के अनुसार वन वाटिका के विकास की यह शुरुआत है। आने वाले समय में इसे और अधिक सुविधाजनक व आकर्षक बनाने के लिए निरंतर कार्य किए जाएंगे। उन्होंने स्थानीय लोगों से सहयोग की करने की बात कही है।

## फर्जी लोन स्वीकृति और भुगतान रोकने से परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज




- पीड़ित परिवार ने की एसडीएम से शिकायत

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित शाखा रामानुजगंज में कथित फर्जी लोन स्वीकृति और भुगतान रोकने का मामला सामने आया है, जिससे एक आदिवासी परिवार को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

शिकायत के अनुसार ग्राम चाकी निवासी स्व. राजकुमार भूईया, जिनका निधन 9 दिसंबर 2019 को हो चुका है, उनके नाम पर 12 जून 2020 को 80 हजार रुपये का लोन स्वीकृत कर लिया गया। संबंधित खाता में पहले से लगभग 70 हजार रुपये धान विक्रय की राशि भी जमा बताई जा रही है। मृतक के परिजन, जिनमें पत्नी और पुत्र शामिल हैं, जब बैंक में जमा राशि निकालने पहुंचे तो उन्हें लगातार अलग-अलग बहाने बनाकर टाल दिया गया। पहले शपथ पत्र लाने को कहा गया, फिर समिति त्रिकुण्डा से नो ड्यूज प्रमाण पत्र मांगा गया। सभी दस्तावेज जमा करने के बावजूद करीब चार माह तक भुगतान नहीं किया गया। परिजनों का आरोप है कि 22 अप्रैल को शाखा प्रबंधक ने बताया कि खाते में 80 हजार रुपये का बकाया लोन दर्ज है और जब तक यह राशि जमा नहीं की जाएगी, तब तक भुगतान नहीं किया जाएगा। परिजनों का आरोप है कि बैंक प्रबंधक द्वारा उनके साथ जातिगत अभद्र व्यवहार किया गया और अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया गया। परिवार ने बताया कि उनके घर में विवाह कार्यक्रम है और आर्थिक संकट के चलते वे बेहद कठिन परिस्थिति में हैं। इस पूरे मामले को लेकर पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुमताज अंसारी ने भी नाराजगी जताई है।

उन्होंने कहा कि बैंक की लापरवाही और भ्रष्टाचार का खामियाजा एक गरीब आदिवासी परिवार भुगत रहा है, जो बेहद चिंताजनक है। पीड़ित परिवार ने अनुविभागीय अधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा मृतक के खाते में जमा राशि दिलाने की मांग की है।

## सशिमं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित

**कुसमी।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक परीक्षा परिणाम की औपचारिक घोषणा विद्यालय के प्राचार्य संत कुमार तिवारी द्वारा की गई। विद्यालय के स्थानीय स्तर की कक्षाओं में उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि दर्ज की गई। कक्षा अरुण से लेकर कक्षा सप्तम तक का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जो विद्यालय के गुणवत्तापूर्ण शिक्षण एवं विद्यार्थियों के परिश्रम का परिचायक है। कक्षा नवमी का परीक्षा परिणाम 85.8 प्रतिशत तथा कक्षा एकादश का परीक्षा परिणाम 76.9 प्रतिशत रहा। विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल विद्यार्थियों की उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही शिक्षकों एवं अभिभावकों के सतत मार्गदर्शन एवं सहयोग की सराहना की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य शिक्षक, शिक्षिका सहित व्यवस्थापक उमेश्वर ओझा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन परीक्षा प्रमुख ओमप्रकाश चौबे द्वारा किया गया। आचार्य बीरभद्र सिंह द्वारा सफल विद्यार्थियों को सफलता प्राप्त करने के लिए साल भर तैयारी करने के लिए कहा गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शिवचरण श्रीवास, अंजू गुप्ता, सिकन्दर बड़ाईक, सोनामति, काजल, माधुरी, रामदयाल, शत्रुधन, पारस , अन्जु चौबे , नमिता, सविता, अंजेला, खुशबू , गोविन्दा उपस्थित रहे।



## सरगुजा ने महासमुंद को 5 विकेट से हराया



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के तहत आयोजित प्लेट ग्रुप के रोमांचक टी 20 मैच में सरगुजा ने महासमुंद को रोमांचक मुकाबले में 5 विकेट से हरा दिया। रायपुर पर खेले गए इस मैच ने दर्शकों को बांधे रखा। सरगुजा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया, जो सही साबित हुआ।

पहली पारी में महासमुंद ने बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर हामिद रज़ा के 57 रनों की बदौलत 167 रन बनाए। सरगुजा के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। रक्षित सिंह और आराध्य गुप्ता ने 2-2 विकेट झटके, जबकि सौम्य केशरी ने 1 विकेट लिया। सरगुजा की कसी हुई गेंदबाजी ने महासमुंद के बल्लेबाजों को दबाव में रखा, जिससे उनका स्कोर सीमित रहा। 167 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सरगुजा की टीम ने 18 ओवर में ही जीत हासिल कर ली। हर्ष दुबे ने नाबाद 54 रनों की धुंआधार पारी खेली, हरविंदर सिंह ने 48 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया,प्रधान ने 58 रनों की विस्फोटक बल्लेबाजी से टीम को मजबूती प्रदान की। इन बल्लेबाजों की शानदार फॉर्म ने सरगुजा को आसानी से लक्ष्य तक पहुंचा दिया। सरगुजा की यह लगातार दूसरी जीत है जिससे खिलाड़ियों में हर्ष व्याप्त है। टीम के प्रदर्शन से उत्साहित संघ के कोषाध्यक्ष शैलू सिंह ने कहा हमारे गेंदबाजों ने शानदार शुरुआत दी और बल्लेबाजों ने जिम्मेदारी से लक्ष्य हासिल किया। यह जीत पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है। युवा खिलाड़ी बेहतरीन फॉर्म में हैं। वहीं संघ अध्यक्ष आदितेश्वर शरण सिंह ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हर्ष दुबे, हरविंदर और राहुल प्रधान खिलाड़ियों पर भरोसा था। यह जीत प्लेट ग्रुप में हमारी दावेदारी मजबूत करती है। आगे भी इसी टीम जज्बे से खेलेंगे।



## कॉलेज में पेयजल संकट अभाविप ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने प्रतापपुर स्थित शासकीय कालिदास महाविद्यालय में पेयजल संकट को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। परिषद ने चेतावनी दी है कि यदि सात दिनों के भीतर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।

ज्ञापन में बताया गया कि भीषण गर्मी के बीच कॉलेज में पेयजल की स्थिति बेहद खराब है और छात्र-छात्राओं को पीने के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। करीब 2 हजार विद्यार्थियों वाले इस महाविद्यालय में बुनियादी सुविधा का अभाव गंभीर चिंता का विषय है। इसके अलावा अभी महाविद्यालय में पानी का कोई स्थाई समाधान नहीं होने के कारण गर्ल्स वॉशरूम में पानी की कमी से गंदगी फैल रही है, साथ ही महाविद्यालय के सभी वाशरुम भी बंद और गंदगी युक्त पड़े हैं। ऐसे में छात्र छात्राओं सहित महाविद्यालय के समस्त स्टाफ को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और शौचालय का उपयोग भी मुश्किल हो गया है। अभाविप ने मांग की है कि कॉलेज परिसर में तत्काल बोरवेल खनन कराया जाए ताकि पानी की समस्या का स्थायी समाधान हो सके। ज्ञापन सौंपते के दौरान रिंकू नाविक, अभिषेक कुशवाहा, पीयूष मित्तल, श्याम यादव, दिलीप यादव, रंजीत सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## तालाबों पर भूमाफिया की नजर, एक व्यक्ति के दो अलग-अलग मृत्यु प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- सामाजिक कार्यकर्ता ने लगाया आरोप, जांच व एफआईआर की मांग

नगर निगम अंतर्गत मास्टर प्लान 2021 में दर्ज तालाबों के रकबे में लगातार कमी और जलाशयों पर बढ़ते अतिक्रमण को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश मिश्रा ने मामले को उजागर करते हुए कलेक्टर से हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि रिंग बांध सहित कई तालाबों के जलभराव क्षेत्र को अवैध रूप से पाटा जा रहा है और फर्जी दस्तावेजों के आधार पर शासकीय अभिलेखों में हेरफेर कर संदिग्ध नामांतरण किए जा रहे हैं।

स्थानीय सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में श्री मिश्रा ने कहा कि 6.25 एकड़ में फैला रिंग बांध तालाब अब घटकर महज 57 डिसमिल रह गया है। जनवरी 2026 में इस शेष भूमि की भी रजिस्ट्री कर दी गई और तालाब के बड़े हिस्से को रातों-रात पाट दिया गया। उन्होंने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर नामांतरण निरस्त करने और दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

श्री मिश्रा ने दस्तावेजों के आधार पर कई गंभीर अनियमितताओं की ओर ध्यान दिलाया। उन्होंने बताया कि सेटलमेंट के अनुसार खसरा नंबर 3714, रकबा 0.57 एकड़ भूमि मूल रूप से किशुन बहादुर सिंह के नाम दर्ज थी, लेकिन वर्ष 1982-83 में यह जयलाल के नाम कैसे दर्ज हो गई, इसकी कोई जांच नहीं की गई। उन्होंने आगे बताया कि तहसीलदार न्यायालय के एक प्रकरण में आवेदिका ननकी बाई द्वारा प्रस्तुत जयलाल का मृत्यु प्रमाण पत्र 23 अप्रैल 1976 को होलीक्रॉस अस्पताल में मृत्यु दर्शाता है, जबकि यह प्रमाण पत्र 24 फरवरी 2018 को नगर निगम में पंजीकृत हुआ। संदेह तब और गहराता है जब इस प्रकरण के दौरान ही आवेदक की मृत्यु हो जाती है और मामला समाप्त कर दिया जाता है। इसी तरह दूसरे प्रकरण में आवेदक चंद्रशेखर यादव द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र में जयलाल की मृत्यु 12 अप्रैल 1963 को लखनपुर क्षेत्र में बताई गई है, जबकि यह प्रमाण पत्र 62 साल बाद 1 सितंबर 2025 को ग्राम पंचायत से जारी हुआ। मिश्रा का कहना है कि एक ही व्यक्ति के दो अलग-अलग मृत्यु प्रमाण पत्र होना स्पष्ट रूप से फर्जीवाड़े की ओर संकेत करता है। उन्होंने पटवारी और तहसील स्तर पर भी गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगाए। श्री मिश्रा के अनुसार, पटवारी द्वारा प्रस्तुत वंशवृक्ष में कई खामियां हैं और तहसीलदार लखनपुर के पत्रों में तारीख तक अंकित नहीं है। साथ ही, संबंधित पत्र क्रमांक भी अभिलेखों में उपलब्ध नहीं है, जिससे पूरे नामांतरण की प्रक्रिया संदिग्ध प्रतीत होती है। मिश्रा ने यह भी कहा कि दो अलग-अलग प्रकरणों में दो भिन्न वंशवृक्ष प्रस्तुत किए गए, लेकिन एक को नजरअंदाज कर दूसरे को ही आधार बना लिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि पटवारी द्वारा मनगढ़ंत वंश वृक्ष तैयार कर नामांतरण की प्रक्रिया पूरी की गई, जो पूरी तरह अवैध है। उन्होंने मांग की कि फर्जी फौती नामांतरण को तत्काल निरस्त किया जाए और जिन व्यक्तियों के पक्ष में नामांतरण किया गया है, उसे रद्द कर तालाब के मूल स्वरूप को पुनर्जीवित किया जाए। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो शहर के अन्य जलाशय भी इसी तरह अतिक्रमण की भेंट चढ़ जाएंगे। प्रेस वार्ता के अंत में उन्होंने प्रशासन से अपील की कि जलभराव क्षेत्रों को संरक्षित करने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं, ताकि शहर में जल संकट की स्थिति उत्पन्न न हो और पर्यावरण संतुलन बना रहे।



## चोरी की अलग-अलग घटनाओं में चोरों ने पार किया सोने चांदी के जेवर

**अम्बिकापुर।** शहर सहित लुण्ड्रा क्षेत्र में चोरों ने सूने मकान का ताला तोड़ कमरे के अलमारी व पेटी में रखे सोने-चांदी के जेवर पार कर दिया। पुलिस ने दोनों ही मामलों में चोरी का मामला दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार अजिरमा खालपारा निवासी अनुज दास कुजूर आ. स्व. लाजरूस ने गांधी नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 16 अप्रैल को पत्नी सरस्वती कुजूर के साथ वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने घर में ताला लगाकर झारखंड गए थे। विवाह कार्यक्रम समाप्त होने के बाद 24 अप्रैल को वापस घर लौटे तो देखा दरवाजे में लगा ताला टूटा और कमरे में सामान बिखरा हुआ था। जब कमरे की तलाशी ली तो अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर गायब थे। इसी प्रकार दूसरी घटना में लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम बगदरी निवासी सोमार साय आ. स्व. राम सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 18 अप्रैल को परिवार के साथ काम के सिलसिले में गए थे।

## ग्राम बलसेड़ी में किया गया प्रधानमंत्री के मन की बात का सामूहिक श्रवण




हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-1 के ग्राम बलसेड़ी में प्रधानमंत्री के मन की बात का सामूहिक श्रवण जिपं सदस्य श्रीमती दिव्या सिंह सिसोदिया के साथ कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों द्वारा किया गया। इस अवसर पर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित चिकित्सकों द्वारा ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सा परामर्श एवं उपचार प्रदान किया गया।

बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। कार्यक्रम के दौरान जन चौपाल का आयोजन भी किया गया जिसमें ग्राम पंचायत के ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। श्रीमती सिसोदिया ने सभी समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया। इसी क्रम में श्रीमती सिसोदिया द्वारा बलसेड़ी स्थित शिव मंदिर के लगभग 5 लाख रुपये की लागत से होने वाले जीर्णोद्धार कार्य का विधिवत भूमि पूजन किया गया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास और जनसुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं तथा जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना उनकी प्राथमिकता है। इस दौरान परसा मंडल महामंत्री अमृत लाल यादव, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रोहन मंडल, रमेश कुमार चेरवा, सरपंच हुबलाल, कुल्हाड़ी सरपंच करमचंद्र, मोती यादव, अनिल ठाकुर, चंद्रिका यादव, रमेश ठाकुर, गायत्री ठाकुर, शामिल राम, बालकुमारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



## वसुंधरा विहार कॉलोनी के लोगों ने पेयजल संकट से महापौर का कराया अवगत

**अम्बिकापुर।** वसुंधरा फेस-4 लेक विव सोसाइटी के रहवासियों ने सोसायटी अध्यक्ष मनीष श्रीवास्तव के नेतृत्व में महापौर श्रीमती मंजुषा भगत से मुलाकात की। साथ ही पिछले डेढ़ माह से चल रही पानी की समस्या के संबंध में अवगत कराया और हो रही परेशानी के संबंध में बताया। महापौर ने आश्वासन दिया की जल्द ही समस्या का निराकरण कर दिया जाएगा और लोगों को पेयजल की समस्या से परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस दौरान बड़ी संख्या में सोसाइटी के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।


## ग्राम कल्याणपुर में पिकअप वाहन और स्विफ्ट कार की आमने सामने भिड़ंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

लटोरी चौकी क्षेत्र में रविवार सुबह अनियंत्रित रफ्तार की पिकअप वाहन और मारुति स्विफ्ट डिजायर कार की आमने सामने टक्कर हो गई जिसमें कार के साइड का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है।प्राप्त जानकारी अनुसार स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक सीजी 13 एए 5588 एवं पिकअप क्रमांक सीजी 04 क्यू डब्लू 2844 की ग्राम कल्याणपुर के समीप प्रातः आमने सामने टक्कर हो गई जिसमें स्विफ्ट कार चालक युवक को गंभीर घायल अवस्था में स्थानीय ग्रामीणों की मदद से अंबिकापुर अस्पताल इलाज हेतु भर्ती कराया गया है।देर शाम तक किसी भी पक्ष द्वारा पुलिस को घटना के सम्बन्ध में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई है जिससे वास्तविक स्थिति का पता नहीं चल सका है।



दुर्घटना में क्षतिग्रस्त कार।



# डुग डुग का ट्रेलर रिलीज, कॉमेडी सटायर के जरिए चौंकाती है कहानी

**मुंबई।** ऋत्विक प्रतीक निर्देशित फिल्म डुग डुग का ट्रेलर रविवार को रिलीज हुआ। यह एक सटायर और कॉमेडी फिल्म है। जल्द ही यह सिनेमाघरों में भी रिलीज होने वाली है। इस फिल्म को अनुराग कश्यप, निखिल आडवाणी, विक्रमादित्य मोटवानी और वसन बाला जैसे फिल्ममेकर बातैर एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर सपोर्ट कर रहे हैं। फिल्म डुग डुग का ट्रेलर की शुरुआत एक एक्सीडेंट से होती है, जिसमें एक बाइक सवार की मौत हो जाती है, कॉमेडी सटायर के जरिए कहानी चौंकाती है। फिल्म डुग डुग सिनेमाघरों में 8 मई को रिलीज होगी। इस फिल्म में अल्ताफ खान, गौरव सोनी, योगेंद्र सिंह और दुर्गा लाल सैनी जैसे कलाकार मुख्य किरदार निभा रहे हैं।

लाइफ Style

# चित्रांगदा

## अफवाहों में सच्चाई नहीं

सलमान खान की आगामी फिल्म मातृभूमि की रिलीज फिलहाल टल गई है। इसी वजह से फिल्म कई दिनों से चर्चाओं में बनी हुई है। लेकिन, फिल्म के टॉपिक को देखते हुए इसे स्वतंत्रता दिवस पर रिलीज करने की खबरें सामने आ रही हैं। अब एक्ट्रेस चित्रांगदा सिंह ने सलमान को लेकर कुछ बड़े खुलासे किए हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सलमान के साथ काम करने को लेकर चित्रांगदा ने कहा, 'फिल्म बहुत मेहनत से बनाई है, दिल से बनाई है। लोग सलमान के बारे में बहुत बातें करते हैं कि वो ऐसे हैं, वैसे हैं। मुझे भी इस बारे में काफी अफवाहें मिली थी। जैसे मुझे उन सब चीजों के लिए तैयार रहना होगा अगर सलमान समय पर न आएं या शूटिंग का शेड्यूल बढ़ जाए। उन्होंने आगे कहा, लेकिन असल में ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। मैंने पहले से ही खुद को तैयार कर लिया था, क्योंकि इतने लोगों से ये अफवाह सुनी थी कि वो अनप्रोफेशनल हैं लेकिन इसमें बिल्कुल भी सच्चाई नहीं है। वो बहुत ही सहज और मिलनसार इंसान हैं। उनकी एक खास बात है कि वो सेट पर सबसे कम नजर आने वाले इंसान का भी ख्याल रखते हैं, चाहे वो लाइटमैन हो या चौथा एडी। वो पूछते हैं कि उन्होंने ब्रेक लिया या नहीं, समय पर खाना खाया या नहीं, उनके साथ कैसा व्यवहार हो रहा है। इतने साल इंडस्ट्री में काम करने के बाद भी उनमें ये चिंता होना वाकई कमाल की बात है। सलमान खान की फिल्म 'मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस' कथित तौर पर 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने की संभावना है। यह फिल्म स्वतंत्रता दिवस के आसपास रिलीज होगी। पहले यह फिल्म 17 अप्रैल को आने वाली थी, लेकिन अब इसकी तारीख आगे बढ़ा दी गई है।



हॉलीवुड मसाला



# सुपरहीरो अवतार में लौटे निकोलस

**लॉस एंजिल्स।** नई सीरीज स्पाइडर नोयर का पहला ट्रेलर रविवार को रिलीज हो चुका है। इस ट्रेलर को मेक्सिको सिटी के एक इवेंट में दिखाया गया, साथ ही प्राइम वीडियो के सोशल मीडिया पर भी रिलीज किया गया। 'स्पाइडर नोयर'27 मई को दुनियाभर में प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम की जाएगी। यह सीरीज 1930 के दशक के न्यूयॉर्क शहर पर आधारित एक डार्क और स्टाइलिश मार्वल थ्रिलर है। यह 8 एपिसोड की सीरीज है, जिसमें निकोलस केज 'बेन राइली' के रोल में नजर आएंगे। एक ऐसा प्राइवेट डिटेक्टिव जो कभी शहर का इकलौता सुपरहीरो हुआ करता था, लेकिन अब मुश्किल दौर से गुजर रहा है।



# बायोपिक रिलीज के बीच विवादों में माइकल, लगे संगीन आरोप

**लॉस एंजिल्स।** माइकल जैक्सन की बायोपिक 'माइकल' बीते 24 अप्रैल को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इसी बीच जैक्सन से जुड़े एक पुराने विवाद ने फिर जन्म ले लिया है। जैक्सन परिवार के करीब रहे एक परिवार ने दिवंगत पॉप स्टार माइकल जैक्सन पर एक बार फिर से संगीन आरोप लगाए हैं। कभी जैक्सन का 'दूसरा परिवार' होने का दावा करने वाली एक फैमिली ने पॉप स्टार के ऊपर अपने परिवार के चार बच्चों के साथ यौन शोषण करने के आरोप लगाए हैं। हैरानी की बात यह है कि ये परिवार कई वर्षों तक जैक्सन परिवार का बेहद खास रहा है। वो कई बार जैक्सन के बचाव में भी उतरे। मगर अब डोमिनिक और कोनी कैसियो ने अपने बच्चों के साथ हुए दुर्व्यवहार की शिकायत की है। उन्होंने आरोप लगाए कि उनके बच्चों के साथ नेवरलैंड रैंच में और विदेशी यात्राओं के दौरान ज्यादती की गई।



# तेरे नाम ठुकराने का हुआ था नुकसान

**नई दिल्ली।** अमीषा पटेल ने लगभग 23 साल बाद सलमान खान की फिल्म 'तेरे नाम' में न होने पर अफसोस जताया है। साल 2003 में रिलीज हुई सलमान खान की फिल्म तेरे नाम बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। फिल्म में सलमान खान की हेयरस्टाइल ने एक नया ट्रेंड सेट किया था। सलमान के साथ फिल्म में भूमिका चावला ने प्रमुख भूमिका निभाई थी। उनकी भी तारीफ हुई थी। हालांकि, भूमिका से पहले ये रोल अमीषा पटेल को ऑफर हुआ था। अब अमीषा ने फिल्म को मना करने पर निराशा व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि आखिर क्यों उन्होंने फिल्म को ना कहा था? एक बातचीत में अमीषा ने 'तेरे नाम'को लेकर बात की। उन्होंने माना कि उन्हें 'तेरे नाम'को ना कहने का पछतावा है। एक्ट्रेस ने कहा कि काश मैं मना नहीं करती।



# ताल-2 से कटा ऐश्वर्या और अक्षय का पत्ता

**नई दिल्ली।** फिल्मी गलियारों में कुछ सीक्वल्स का इंतजार बेसब्री से किया जा रहा है जिनमें से एक 1999 में आई फिल्म 'ताल' भी है। सुभाष घई निर्देशित रोमांटिक फिल्म में ऐश्वर्या राय और अक्षय खन्ना की जोड़ी काफी पसंद की गई थी। सुभाष घई ने बताया है कि फिल्म की स्क्रिप्ट भी तैयार हो गई है। उस ताल की जो एनर्जी है, कितनी पावरफुल है कि आज के जेन-जेड भी मुझे बोल रहे हैं ताल बनाएं। लेकिन, ताल का विषय जितना आसान लगता है, हकीकत में उतना ही मुश्किल है। उसका पूरा स्क्रिप्ट हम लगभग पूरा कर चुके हैं और अभी हम सही समय की तलाश में हैं। इसे बनाने के लिए प्योरिटी बहुत जरूरी है। ताल 2 में ऐश्वर्या राय और अक्षय खन्ना फिर से रोमांस करते हुए नजर नहीं आएंगे। दरअसल, सुभाष घई नए चेहरों को लाना चाहते हैं।

टीवी मसाला




# द केरल स्टोरी 2 की ओटीटी रिलीज डेट बदली, एक मई को होगी रिलीज

**नई दिल्ली।** 'द केरल स्टोरी 2' पहले ओटीटी पर 8 मई को रिलीज होने वाली थी, पर अब इसकी डेट बदल दी गई है। अब 'द केरल स्टोरी 2 गोज बियॉन्ड' 1 मई को जी5 पर स्ट्रीम की जाएगी। हिंदी के अलावा इसे तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और मलयालम भाषा में भी देखा सकता है। 'द केरल स्टोरी 2' ओटीटी पर 8 मई को रिलीज होने वाली थी, जिसे लेकर वो सभी लोग एक्साइटेड थे, जो इसे थिएटर्स में नहीं देख पाए थे। लेकिन, अब फिल्म की ओटीटी रिलीज डेट बदल दी गई है। मेकर्स ने नई डेट का ऐलान किया है, पर ऐसा क्यों किया गया, यह अभी तक साफ नहीं है। 'द केरल स्टोरी 2 गोज बियॉन्ड' थिएटर्स में 27 फरवरी को थिएटर्स में रिलीज हुई थी, पर वैसा करिश्मा नहीं कर पाई जैसा 'द केरल स्टोरी' ने किया था। हालांकि, यह फिल्म उसका सीक्वल नहीं है, फिर भी पुरानी फिल्म को देखते हुए 'दे केरल स्टोरी 2' से काफी उम्मीदें थीं। यह फिल्म खूब विवादों में भी रही। 'द केरल स्टोरी 2' को 8 मई को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर स्ट्रीम किया जाना था, पर अब इसे एक हफ्ते पहले रिलीज किया जाएगा। ओटीटी प्लेटफॉर्म ने फिल्म के नए प्रोमो के साथ नई रिलीज डेट के बारे में बताया है। अब यह जी5 पर 1 मई को दस्तक देगी। यानी उस दिन आप घर बैठे इसे आराम से देख पाएंगे। हिंदी के अलावा इसे तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में भी देख सकेंगे। 'द केरल स्टोरी 2' में अदिति भाटिया, उल्का गुप्ता और ऐश्वर्या ओझा लीड रोल में नजर आईं।

## लौट रहा है कॉफी विद करण

**नई दिल्ली।** करण जौहर की फिल्मों के अलावा उनका रियलिटी शो 'कॉफी विद करण'भी काफी लोकप्रिय रहा है। हालांकि, शो को लेकर कई तरह की कंट्रोवर्सी भी देखने को मिली हैं। लेकिन, फैंस काफी वक्त से शो के नए सीजन का इंतजार कर रहे थे। बातचीत के दौरान एक दर्शक ने करण जौहर से कॉफी विद करण के संभावित वापसी की तारीख के बारे में पूछा। इस पर मुस्कुराते हुए करण ने कहा, 'दिवाली। सीजन 9।' यानी 'कॉफी विद करण' का नया सीजन इस साल दिवाली से आएगा। यह नौवां सीजन होगा। इससे पहले 'कॉफी विद करण'के 8 सीजन आ चुके हैं।'कॉफी विद करण' का पहला सीजन साल 2004 में प्रसारित हुआ था। इसके बाद से अब तक शो के 8 सीजन आ चुके हैं। सभी सीजन करण जौहर ने ही होस्ट किए हैं। हालांकि, इस शो के दौरान कई ऐसे पल भी आए, जिन्होंने विवाद खड़े किए।



# अंबानी के घर पहुंचीं रिहाना ने की आरती, खेली फूलों की होली

**मुंबई।** ग्लोबल आइकॉन रिहाना और उनके साथ कुछ मेहमान अंबानी परिवार के घर लंच के लिए पहुंचे। इस मौके पर ईशा अंबानी, श्लोका अंबानी, राधिका और अनंत अंबानी ने रिहाना का स्वागत किया। यह मुलाकात काफी खास रही। रिहाना का स्वागत मुकेश अंबानी की बेटी ईशा अंबानी और छोटी बहू राधिका ने किया। दोनों रिहाना को देखकर काफी खुश हुईं। सिंगर रिहाना ने मुकेश अंबानी के परिवार के सदस्यों के साथ भगवान की आरती की। वह भारतीय संस्कृति और सभ्यता से काफी प्रभावित हुईं। भगवान की आरती करने के बाद रिहाना ने अंबानी परिवार के सदस्यों के साथ फूलों की होली खेली। इस पल का उन्होंने भरपूर आनंद लिया। ईशा अंबानी के साथ खासकर रिहाना ने जबरदस्त तरीके से फूलों की होली खेली। ईशा अंबानी ने रिहाना को एक कीमती उपहार भी दिया। इसे पाकर अमेरिकी सिंगर काफी खुश दिखीं। बता दें कि रिहाना के ब्यूटी ब्रांड ने मुकेश अंबानी की कंपनी के साथ मिलकर भारत में कदम रखा है। इससे पहले रिहाना साल 2024 में मुंबई आई थीं, तब उन्होंने अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के शादी के जश्न में शिरकत की थी।




# भूत बंगला बनी 100 करोड़ क्लब का हिस्सा, धुरंधर 2 ने भी दिखाया दम...

**नई दिल्ली।** भारतीय बॉक्स ऑफिस पर जहां धुरंधर 2 कई दिनों से कब्जा जमाए बैठी है, वहीं भूत बंगला, गिन्नी वेड्स सनी 2 जैसी फिल्में हाल ही में रिलीज हुईं। इसके अलावा भी कुछ फिल्में बॉक्स ऑफिस पर कमाई करने की दौड़ में शामिल है।

## भूत बंगला को मिला वीकएंड का फायदा

अक्षय कुमार की फिल्म भूत बंगला ने रिलीज के नौवें दिन यानी शनिवार को 10.75 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। वहीं, फिल्म ने आठवें दिन 5.75 रुपए की कमाई की थी। फिल्म का कुल कमाई भी अब तक 100.90 करोड़ रुपए हो चुकी है। यह फिल्म 100 करोड़ क्लब में शामिल हो चुकी है।



## गिन्नी वेड्स सनी 2 का बुरा हाल

हाल ही में एक फिल्म गिन्नी वेड्स सनी 2 रिलीज हुई। इस फिल्म ने पहले दिन 36 लाख रुपए कमाए, वहीं दूसरे दिन यानी शनिवार को सिर्फ 87 लाख रुपए की कमाई की है। फिल्म का कुल कलेक्शन भी अब तक 1.03 करोड़ रुपए है।



## धुरंधर 2 और डकैत की कमाई जारी

रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर 2 को रिलीज हुए 38 दिन हो चुके हैं। इस फिल्म ने शनिवार को 3.54 करोड़ रुपए की कमाई की। वहीं, फिल्म का कुल कलेक्शन भी 1,127.14 करोड़ रुपए हो चुका है। इसके अलावा साउथ इंडियन फिल्म डकैत की कमाई लाखों में सिमट गई है। रिलीज के 16वें दिन इस फिल्म ने 37 लाख रुपए ही कमाए हैं।

## आशा-लता की प्रेरणा थी वो आवाज, दिलचस्प है कहानी

# भारत की पहली सिंगर, गाए 6000 गाने, पिता की शर्त पर पहना बुर्का

*नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा में 40 और 50 का दशक वो दशक था, जब सिनेमा में अच्छी फिल्में बनने का दौर शुरू हो रहा था। ये वही दौर था जब सिनेमा धीरे-धीरे अपने पांव पसार रहा था। नए एक्टर्स आ रहे थे और बदलते सिनेमा में संगीत की परिभाषा भी बदल रही थी। एक दौर था जब महिलाएं गाती थीं, तो इसे समाज में खराब माना जाता था लेकिन फिर इसी बीच एक सिंगर आईं, जिन्होंने सिनेमा की परिभाषा तो बदल ही डाली, साथ ही महिलाओं के लिए प्रेरणा भी बनीं। पिता को दिए एक वादे की खातिर उन्होंने सालों तक अपनी तस्वीर नहीं खिंचवाई, तो उनकी आवाज पर पूरी दुनिया नाचती थी, लेकिन उनका चेहरा एक रहस्य था। 'मेरे पिया गए रंगून' से लेकर 'कजरा मोहब्बत वाला' जैसे आइकोनिक गाने वाले और खूब शोहरत पाने वाली इस महान गायिका को जब आशा और लता जैसी गायिकाएं देखतीं, तो उन्हें प्रेरणा मानती थीं।*





### बूढ़ी हो चुकी थीं तब सामने आईं तस्वीरें

शमशाद बेगम ने सालों तक अपने पिता की उस शर्त का मान रखा और कभी कैमरे के सामने नहीं आईं और हमेशा बुर्का पहनकर रखा। लेकिन, शादी के बाद धीरे-धीरे वो उम्र के पड़ाव पार करने लगीं। जब उनकी तस्वीरें सामने आईं, तबतक वह काफी बूढ़ी हो चुकी थीं। शमशाद ने अपने संगीत करियर में करीब 6000 हजार गाने गाए। साल 2009 में उन्हें भारत सरकार द्वारा 'पद्म भूषण' से सम्मानित किया गया। इसके अलावा साल 2012 में उन्हें संगीत जगत का प्रतिष्ठित 'ओ.पी. नैय्यर पुरस्कार' भी दिया गया। कई बार उनके निधन की गलत खबरें तक आईं। हालांकि, 23 अप्रैल 2013 को 94 वर्ष में उनका निधन हो गया।

### ब्लॉकबस्टर गाने देकर बनीं स्टार

40 के दशक में शमशाद बेगम स्टार बन रही थीं। उस वक्त वह इकलौती ऐसी सिंगर थीं, जिसकी इतनी ज्यादा चर्चा थी। हालांकि हर कोई सिर्फ उन्हें सुनता ही था, किसी ने उन्हें देखा नहीं था। 40 और 50 के दशक में फिल्मी संगीतों पर उनका ही नाम लिखा रहता था। इन्हीं में से पतंगा फिल्म का गाना मेरे पिया गए रंगून खूब पसंद किया गया। इस गाने ने युवाओं के दिलों में घर कर लिया। इसके बाद उनका गाना कजरा मोहब्बत वाला, लेके पहला पहला प्यार, कहीं पे निगाहें कहीं पे निशाना जैसे गानों को शमशाद ने अपनी आजवा देकर अमर बना दिया। यह गाने बेहद लोकप्रिय साबित हुए। संगीतकार ओ.पी. नैय्यर की वह पहली पसंद थीं। फिल्म 'आर-पार' (1954) के गाने 'भी आर कभी पार और बाबूजी धीरे चलना ने उन्हें युवाओं का चहेता बना दिया।

### शमशाद को प्रेरणा मानती थीं लता

जब शमशाद बेगम गायिकी से दूर हुईं तो इसका फायदा लता मंगेशकर को हुआ। लता मंगेशकर की आवाज धीरे-धीरे लोगों के कानों तक पहुंचने लगी। शमशाद बेगम की बजाय अब लोग लता मंगेशकर को गानों के ऑफर देने लगे। कहा जाता है कि लोग लता मंगेशकर से कहा करते थे कि वो शमशाद बेगम की तरह गाना गाएं। हालांकि, वो दो से तीन साल तक गायिकी दूर रहें। इसी फिल्म मदर इंडिया में बड़ी मुश्किल से वह गाने को राजी हुईं और उन्होंने कमबैक किया। फिल्म में उन्होंने 'पी के घर आज प्यारी दुल्हनिया चली' यह गाना गाया। कहा जाता है कि जब वो यह गाना गा रही थीं तो स्टूडियो में मौजूद सबकी आंखें नम थीं।

***पंजाब में हुआ था जन्म*** : 14 अप्रैल 1919 को शमशाद बेगम का जन्म पंजाब के अमृतसर में हुआ था। हालांकि, कुछ इतिहासकारों के मुताबिक, लाहौर (ब्रिटिश इंडिया) में हुआ था। उस दौर में सिनेमा की पहुंच लाहौर से लेकर कलकत्ता तक हुआ करती थी। शमशाद बेगम का बचपन तंगहाली में बीता। पिता की आर्थिक स्थित ज्यादा अच्छी नहीं थी। शमशाद बेगम का शुरू से ही संगीत की ओर झुकाव रहा। जब वह 10 साल की थीं, तभी से गाने गाया करती थीं। हालांकि पिता को शमशाद का गाना ज्यादा पसंद नहीं था। वह नहीं चाहते थे कि उनकी बेटी गाना-बजाना करे। हालांकि, आसपास रहने वाले लोग शमशाद की आवाज से परिचित थे और उनकी आवाज को काफी पसंद करते थे। इस बीच शमशाद बेगम के चाचा ने उनकी मदद की।

## खबर संक्षेप

### खेल अकादमी में चयन के लिए 28 से ट्रायल

**सारंगढ़।** जिले के खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से रायपुर स्थित आवासीय खेल अकादमी में विभिन्न खेलों के लिए चयन ट्रायल 28 अप्रैल से 1 मई तक आयोजित किया जाएगा। प्रभारी खेल अधिकारी ने जानकारी दी कि हॉकी बालक बालिका, तीरंदाजी बालक बालिका, फुटबॉल केवल बालिका, वेटलिफ्टिंग बालक बालिका व एथलेटिक्स बालक बालिका खेलों में प्रवेश के लिए यह चयन प्रक्रिया आयोजित की जा रही है। तीरंदाजी फुटबॉल व वेटलिफ्टिंग के लिए ट्रायल 28 से 29 अप्रैल तकए हॉकी व एथलेटिक्स के लिए 30 अप्रैल से 01 मई तक ट्रायल होंगे। ट्रायल में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों की आयु 13 से 17 वर्ष के बीच होना अनिवार्य है। चयनित खिलाड़ियों को आवासीय सुविधा के साथ शिक्षा, भोजन, बीमा, खेल किट एवं उच्च स्तरीय प्रशिक्षण निःशुल्क प्रदान किया जाएगा।

### पात्र हितग्राहियों को मांग पत्र वितरण

**रायगढ़।** प्रदेश के वित्तमंत्री ओपी चौधरी की उपस्थिति में केलो विहार शासकीय कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित रायगढ़ के पंजीकृत सदस्यों से संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन रायगढ़ द्वारा किया गया। इस अवसर पर मंत्री श्री चौधरी ने समिति के सदस्यों से संवाद करते हुए आवासीय सुविधाओं के विस्तार, लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण तथा पात्र हितग्राहियों को शीघ्र लाभान्वित करने के लिए प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि प्रत्येक पात्र परिवार को आवासीय अधिकार एवं मूलभूत सुविधाएं समय पर उपलब्ध हों। कार्यक्रम के दौरान वित्त मंत्री द्वारा पात्र हितग्राहियों को पट्टा वितरण भी किया गया। मौके पर ही समिति के 2400 वर्गफुट श्रेणी में डॉ. धनराज प्रसाद साहू, दुलीचंद देवांगन एवं एसएच खोड़यार को, 1800 वर्गफुट श्रेणी में भवानी शंकर पटनायक को इसी प्रकार 1500 वर्गफुट श्रेणी में आईएस परिहार, केदारनाथ प्रधान एवं श्रीमती बासंती सरकार को 1200 वर्गफुट श्रेणी में खगेश्वर पटेल एवं मथुरा प्रसाद नामदेव को मांग पत्र जारी किया गया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### समूह की महिलाएं ...

को भी मजबूत किया गया। कार्यशाला के अंतिम दिन प्रतिभागियों ने स्वयं तैयार की गई कहानियों का प्रस्तुतीकरण किया, जिसमें उनके जीवन के अनुभव, स्थानीय परंपराएं और वन संसाधनों के प्रति उनकी संवेदनशीलता स्पष्ट रूप से झलकी। प्रतिभागियों ने इस पहल को अत्यंत प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक बताते हुए कहा कि यहां सीखी गई बातें उनके भविष्य में उपयोगी सिद्ध होंगी। कार्यशाला न केवल प्रतिभागियों के आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति कौशल को बढ़ाने में सफल रही, बल्कि सामुदायिक स्तर पर प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति जनजागरूकता को भी सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण साबित हुई। वन मंडल जशपुर ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार के नवाचारपूर्ण एवं सहभागितापूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर किया जाएगा।

### सती उद्यान तालाब ...

का जल स्तर बनाएं रखने में इस तालाब की अहम भूमिका है। राज परिवार की निजी संपत्ति- राज परिवार की नीजि संपत्ति के अधीन इस तालाब में प्रस्तावित निर्माण कार्य के लिए नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत ने बताया कि राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रियंवदा सिंह जूदेव ने इसके लिए नगर पालिका परिषद को अनापत्ति प्रमाण पत्र पहले ही जारी कर दिया था। इसके बाद पालिका ने प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा था। शहरवासियों की आस्था और मांग को देखते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री अरूण साव के समक्ष विधायक रायमुनि भगत और नगरपालिका अध्यक्ष अरविंद भगत ने प्रस्ताव को स्वीकृति देते हुए,बजट जारी करने का अनुरोध किया था। 4 करोड़ 30 लाख स्वीकृत- राज्य सरकार ने 4 करोड़ 30 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की थी। बजट जारी होने के बाद नगर सरकार ने निविदा प्रक्रिया पूरी कर,तकनीकि स्वीकृति के लिए सरकार के पास भेजा है। पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत ने बताया कि प्रस्ताव के अनुसार तालाब के पानी को पूरी तरह से खाली कर,इसके जलीय खर पतवार को साफ कर,गहरीकरण किया जाएगा। इसके साथ ही इस तालाब को पुनः जलिय खर पतवार के प्रकोप से बचाने के लिए इसका उचित उपचार भी किया जाएगा। तालाब के चारों ओर पचरी धाट,पाथ वे,पेवर ब्लाक,टो वाल,रिटर्निंग वाल,हाई मास्क लाईट,सोलर स्ट्रीट लाईट की व्यवस्था भी की जाएगी। इसके तैयार हो जाने से शहरवासियों को बड़े शहरों के जैसे मिलने वाली पार्क की सुविधा मिलेगी।

## कल से 15 दिवसीय सघन जांच अभियान का होगा आगाज

# सावधानः खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांचने पहुंचेगी टीम, खराब मिली तो होगी जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

यदि खाद्य पदार्थों का आप व्यवसाय करते हैं तो सावधान हो जाएं। आपके दुकान पर जांच करने प्रशासन की टीम पहुंचने वाली है। यदि खराब या अशुद्ध खाद्य पदार्थ मिली तो आपको जेल भी जाना पड़ सकता है। इस टीम में दर्जन भर से अधिक अधिकारी शामिल हैं। यह टीम होटल, रेस्टोरेंट, ढाबों, किराना दुकानों और खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों में जांच कर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, स्वच्छता और मानकों की पड़ताल करेगी।

वहीं औषधि प्रकोष्ठ में सहायक औषधि नियंत्रक, सहायक संचालक औषधि, औषधि निरीक्षक और नमूना सहायक के साथ राजस्व एवं पुलिस विभाग की टीम शामिल रहेगी। यह दल मेडिकल स्टोर्स, थोक दवा विक्रेताओं और प्रसाधन सामग्री विक्रय केंद्रों की जांच कर नकली, एक्सपायरी या बिना लाइसेंस की दवाओं की बिक्री पर कड़ी कार्रवाई करेगा। अभियान के दौरान संदिग्ध खाद्य पदार्थों और दवाओं के नमूने लेकर परीक्षण के लिए भेजे जाएंगे। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही आम जनता को सुरक्षित दवा उपयोग, संतुलित आहार और स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

**टीम में दर्जन भर अधिकारी हैं शामिल**



**कब से कब तक होगी जांच**

जिले में कल से 11 मई तक 15 दिनों तक विशेष जांच अभियान चलेगा। सही दवा, शुद्ध आहार यही छत्तीसगढ़ का आधार थीम पर आधारित इस अभियान का उद्देश्य न केवल मिलावट खोरी और नकली दवाओं के अवैध कारोबार पर प्रभावी रोक लगाना है बल्कि आमजन में सुरक्षित दवा उपयोग और स्वच्छ, पौष्टिक आहार के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी है।

**सीईओ ने लिया बैठक**

अभियान को सफल बनाने के लिए जिले स्तर पर प्रशासनिक तैयारी शुरू हो गई है। अभियान को प्रभावी बनाने के लिए जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अधिकारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक ली। बैठक में अभियान के उद्देश्यों, कार्ययोजना और निगरानी व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि अभियान के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



# बेलटीकरी छपोरा में हो रहा अवैध उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

अनुविभागीय मुख्यालय बिलाईगढ़ के समीप बेलटीकरी, छपोरा, दुम्हानी में अवैध पत्थर और चूना पत्थर का अवैध कारोबार बेधड़क चल रहा है। शासन के कड़े नियमों के बावजूद, खनन माफिया बेखौफ होकर रात.दिन धरती का सीना चीर रहे हैं। आलम यह है कि बिना किसी पर्यावरणीय अनुमति के सैंकड़ों फीट गहरे गड्ढे खोद दिए गए हैं, जिससे न केवल राजस्व की हानि हो रही है, बल्कि पर्यावरण को भी अपूरणीय क्षति पहुँच रही है।

बेलटीकरी छपोरा दुम्हानी और आसपास के गांवों में चल रहे बड़ीदृ बड़ी अवैध खदानों के विरोध के बीच चल रहे अवैध खनन ने ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि ग्राम पहुंच मार्ग जो भारी वाहनों मशीनों के लिए प्रवेश प्रतिबंध होता है। बावजूद धड़ल्ले से भारी वाहन चलता है जिससे धूल के गुबार उड़ने से सांस लेना दूषित हो गया है और रोड भी ज़र्जर हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि विरोध करने पर उन्हें डराया जाता है।

**पर्यावरण और जलस्तर पर संकट**

अवैध खनन के कारण क्षेत्र का भू जल स्तर तेजी से नीचे गिर रहा है। गहरे गड्ढों के कारण प्राकृतिक जल स्रोत सूख रहे हैं, जिसका सीधा असर आम जनता को पेय जल संकट खेती और मवेशियों पर पड़ रहा है। खनन माफियों द्वारा मुख्य नहर लाइन को भी नहीं छोड़ा। अवैध रूप से खनन करने वाले खनन माफियों का हौसला इस कदर बुलंद है कि मुख्य नहर को भी नहीं छोड़ा गया।

**गहरे खाई से कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा**

खनन माफियों द्वारा बेलटीकरी नहर लाइन की ज़मीन को खोदने से नहर किनारे खाई में तब्दील हो गया है कभी भी आम जनता या पालतू मवेशी गिर सकते हैं और बड़ी दुर्घटना घटने की संभावना बनी हुई है। विद्युत विभाग कनिष्ठ अभियंता भी अवैध खनन में शामिल खदानों में कनेक्शन अवैध रूप से बिजली की वितरण की जा रही है जबकि पूर्ण रूप से सभी खदान अवैध है।

# विश्व मलेरिया दिवस पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

**रायगढ़।** 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस पर विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसके साथ ही जिले के सभी विकासखण्डों में भी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मलेरिया से बचाव और रोकथाम के लिए व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.टीजी कुलवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिले में लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। पिछले कुछ वर्षों में मलेरिया के मामलों में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2018 में जहां जिले में 1055 मलेरिया प्रकरण सामने आए थे, वहीं 2019 में यह संख्या घटकर 824 और 2020 में 363 रह गई। निरंतर प्रयासों के चलते वर्ष 2025 में यह आंकड़ा घटकर मात्र 68 रह गया है, जो कि एक बड़ी उपलब्धि है। हालांकि जिले के 7 विकासखण्डों में से 4 अति संवेदनशील क्षेत्रों पर अभी भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बनी हुई है।



# 4 मई से 10 जून तक जनसमस्या निवारण शिविर, 5 चरणों में होंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के सभी विकासखंडों में 4 मई से 10 जून तक पांच चरणों में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिसमें कुल 27 शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों का उद्देश्य नागरिकों की शिकायतों का मौके पर ही समाधान करना और सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे आमजन तक पहुंचाना है। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी शिविर में लोगों की शिकायतें सुनेंगे और उनका त्वरित निराकरण करेंगे। साथ ही, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा।

■ 4 मई से 10 जून तक जनसमस्या निवारण शिविर, 5 चरणों में होंगे 27 कैंप

प्रथम चरण के अंतर्गत 4 से 12 मई तक 7 शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 4 मई को धरमजयगढ़ विकासखंड के ग्राम खम्हार स्थित हाईस्कूल प्रांगण में शिविर आयोजित किया जाएगा। जिसमें क्लस्टरवार 17 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया है। इसी क्रम में 5 मई को रायगढ़ विकासखंड के लोईंग स्थित हाईस्कूल मैदान में आयोजित शिविर में 21 ग्राम पंचायतें शामिल रहेंगी। 6 मई को लैलूंगा विकासखंड के ग्राम पंचायत झगरपुर के बाजार प्रांगण में आयोजित शिविर में 18 ग्राम पंचायतों को जोड़ा गया है। 7 मई को पुसौर विकासखंड के ग्राम औरदा स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल परिसर में आयोजित शिविर में 22 ग्राम पंचायतों की भागीदारी रहेगी, जबकि 8 मई को खरसिया विकासखंड के ग्राम सरवानी के हाईस्कूल परिसर में आयोजित शिविर में 20 ग्राम पंचायतें शामिल होंगी। द्वितीय चरण के अंतर्गत 13 से 20 मई तक 6 शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस चरण की शुरुआत 13 मई को धरमजयगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत हाटी स्थित सामुदायिक भवन कोरबा रोड में आयोजित शिविर से होगी, जिसमें क्लस्टरवार 19 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया है। तृतीय चरण के अंतर्गत 21 से 29 मई तक जिले के विभिन्न विकासखण्डों में कुल 6 शिविरों का आयोजन किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 21 मई को विकासखण्ड धरमजयगढ़ के बायसी कॉलोनी स्थित प्राथमिक शाला परिसर में शिविर आयोजित होगा, जिसमें क्लस्टरवार 19 ग्राम पंचायत शामिल होंगी। इसी क्रम में 22 मई को विकासखण्ड रायगढ़ के ग्राम कांशीचुआ के हाईस्कूल मैदान में आयोजित शिविर में 21 ग्राम पंचायतों की भागीदारी रहेगी। पंचम चरण के अंतर्गत 8 से 10 जून तक जिले में 3 शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

# हर घर नल से घर घर पहुंचा स्वच्छ पेयजल

**रायगढ़।** कभी पेयजल संकट से जूझता विकासखंड घरघोड़ा का ग्राम सुहाई आज बदलाव और विकास की एक प्रेरक पहचान बन चुका है। यह गांव जिला मुख्यालय से लगभग 49 किलो मीटर की दूरी पर स्थित है। जहां पहले स्वच्छ पानी के लिए ग्रामीणों को रोजाना संघर्ष करना पड़ता था। सुबह होते ही महिलाएं और बच्चे पानी लाने के लिए दूर दराज के कुओं और हैंडपंपों की ओर निकल पड़ते थे, जहां घंटों इंतजार के बाद भी पर्याप्त पानी मिलना तय नहीं होता था। बरसात के मौसम में स्थिति और गंभीर हो जाती थी, जब दूषित जल के उपयोग से बीमारियां फैलती थीं और पूरे गांव का स्वास्थ्य प्रभावित होता था। जल जीवन मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन ने गांव में पाइपलाइन बिछाकर हर घर तक नल कनेक्शन पहुंचाए गए हैं, जिससे अब सभी परिवारों को नियमित रूप से स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल मिल रहा है। इस बदलाव ने ग्रामीणों की दिनचर्या को पूरी तरह बदल दिया है। अब न तो पानी के लिए भटकना पड़ता है और न ही घंटों इंतजार करना पड़ता है। इससे समय और श्रम की बचत हुई है, स्वच्छता का स्तर बेहतर हुआ है और जलजनित बीमारियों में उल्लेखनीय कमी आई है। ग्राम सुहाई की श्रीमती शरनमती इस सकारात्मक परिवर्तन की सशक्त मिसाल हैं।



# निगम आयुक्त ने किया कार्यालय का निरीक्षण अनुपस्थिति पर एक कर्मचारी को किया सस्पेंड



■ आयुक्त ने सुबह पहुंचकर वाहन विभाग के कर्मचारियों एवं स्वक्षता कमांडो की स्वयं लिया अटेंडेंस

**रायगढ़।** नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने आज सुबह नगर निगम के वाहन विभाग एवं कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वयं स्वच्छता कमांडो सहित वाहन विभाग के ड्राइवर, खलासी एवं अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति दर्ज की। इसी तरह लगातार अनुपस्थिति कार्यालय व्यवस्था प्रभावित पाए जाने पर रोशन सोना को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि नगर निगम की सेवाओं में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

आयुक्त श्री क्षत्रिय ने आम नागरिकों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए नगर निगम कार्यालय की कार्यप्रणाली में महत्वपूर्ण बदलाव करने का निर्णय लिया। उन्होंने कार्यालय का विस्तृत निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण में यह सामने आया कि नगर निगम के विभिन्न विभाग अलग-अलग स्थानों पर संचालित होने के कारण नागरिकों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस समस्या के समाधान के लिए आयुक्त ने टेक्निकल विभाग से जुड़े सभी कार्यों को एक ही छत के नीचे नए पानी टंकी के नीचे कार्यालय बनाकर संचालित करने के निर्देश दिए, जिससे नागरिकों को त्वरित एवं सुगम सेवाएं उपलब्ध हो सकें। आयुक्त श्री क्षत्रिय कहा कि कार्यालय का नया स्वरूप ऐसा विकसित होना चाहिए, जहां आमजन को सभी आवश्यक सेवाएं एक ही स्थान पर आसानी से प्राप्त हों और उनकी समस्याओं का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने विश्वास जताया कि इस पहल से नगर निगम की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, दक्षता एवं सेवा गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होगा।

# परिवार में खुद को कम अहमियत मिलने से नाराज युवक ने की मां की हत्या, गिरफ्तार

**रायगढ़।** एक बेटे ने अपनी मां को इसलिए मौत के घाट उतार दिया क्योंकि परिवार में उसकी अहमियत कम है। बेटे को क्यों ऐसा लगता है यह जांच का विषय है, लेकिकन मां-पिता कभी अपने बच्चों में भेदभाव नहीं करते।

यह मामला रैरूमाखुर्द पुलिस चौकी क्षेत्र का है जहां पारिवारिक विवाद ने एक खौफनाक मोड़ ले लिया, जहां एक बेटे ने अपनी ही मां की फावड़े से इसलिए हत्या कर दी, क्योंकि परिवार में उसके अन्य भाई-बहनों की तुलना में उसकी पूछपरख कम होती थी। इसी बात से नाराज युवक ने फावड़े से जोरदार वार अपनी ही माँ की हत्या कर दी। युवक के सिर पर सवार गुस्से को देख वहां खडे उसके पिता ने किसी तरह घर से बाहर भाग कर अपनी जान बचाई। वहीं इस बीच पुलिस को इस घटना की सूचना दी गई। जिसके बाद ने मौके पर पहुंच कर आरोपी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

■ पिता ने घर से भागकर बचाई जान, रैरूमाखुर्द चौकी क्षेत्र का मामला



इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम रैरूमाखुर्द निवासी गणपत दास महंत 60 का छोटा बेटा आर्यन दास महंत 20 को इस बात से शुरू से ही नाराजगी रहती थी कि उसे उसके भाई-बहनों की तुलना में कम अहमियत दी जाती है। वह अक्सर इस बात से खफा रहता था, बीते 24 अप्रैल की रात को पूरा परिवार उनके किनारा दुकान में ही सोया हुआ था। अगली सुबह आर्यन शौच कर वापस लौटा और गुस्से में आगबबूला होकर अपनी माँ फुलबाई महन्त 55 वर्ष को दुकान से बाहर खींचकर जमीन पर गिरा दिया और घर में रखे फावड़े से उनकी गर्दन पर ताबड़तोड़ वार कर दिए, जिससे मौके पर ही फूलबाई की मौके पर ही मौत हो गई। जिसके बाद आरोपी आर्यन दास फावड़ा लेकर अपने पिता को मारने के लिए आगे बढ़ा, ऐसे में उसके पिता ने किसी तरह से घर से भागकर अपनी जान बचाई और आस पडोस के लोगों को भी इस घटना के बारे में बताया। जिसके बाद ग्रामीणों की सहायता से इस घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही रैरूमाखुर्द चौकी प्रभारी विजय एक्का अपनी टीम के साथ पहुंचे और आरोपी आर्यन दास महंत को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 103(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

* **रायगढ़।** मृत्यु के बाद संसार में जीवित रहने का कोई विकल्प नहीं क्योंकि मौत पर किसी का जोर नहीं चलता, पर मौत के बाद भी किसी के काम आकर ही इस नश्वर संसार में अमरत्व को हासिल किया जा सकता है। रायगढ़ निवासी स्व. सुमित टांक ने जम्मू में मृत्यु उपरांत देहदान कर यह अमरत्व पाया है।

KALDA HOSPITAL
कालड़ा हॉस्पीटल
यूनिट ऑफ कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर
• प्लास्टिक सर्जरी एवं बर्न केयर
• कटे होंठ एवं तालु का ईलाज
• कॉस्मेटिक सर्जरी
• हेयर ट्रांस्प्लांट
• लाइपोसक्शन
• अंगों का प्रत्यारोपण
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स माल के पास, रायपुर
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

(NABH से मान्यता प्राप्त) सुयश हॉस्पिटल
सर्जिकल गैस्ट्रो एवं लैप्रोस्कोपी सर्जरी विभाग
हर्निया
क्या होता है
इसके लक्षण, कारण, प्रकार एवं ईलाज हेतु संपर्क करें
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त